तापमान

अधिकतम 40 .6 डिग्री
न्यूनतम 22 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 20 जून 2026



14 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर पायलट रिहर्सल, लोगों में दिखा उत्साह





14 पुलिस और एकम न्यास संस्था की अनूठी पहल




## कल दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी परीक्षा, डेढ़ बजे के बाद नहीं मिलेगा प्रवेश

# नीट परीक्षाः सुरक्षा, सुविधा और पारदर्शिता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट-यूजी) नकल रहित व पारदर्शी तरीके से आयोजित करवाने के दृष्टिगत जिला सचिवालय के सभागार में सेंटर सुपरिटेंडेंट, सुपरवाइजर,ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस विभाग के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उन्होंने अधिकारियों को परीक्षा नकल रहित व पारदर्शी करवाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि 21 जून को नीट 2026 दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। इसके लिए जिला में 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें 1736 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर डेढ़ बजे के बाद कोई एंट्री नहीं होगी। सभी परीक्षार्थी अपने परीक्षा केंद्रों पर समय से पहले पंहुचे। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थी अपने साथ एक फोटो आईडी जैसे पैन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आईडी, पासपोर्ट, विद्यार्थी आई कार्ड में से एक अवश्य लेकर आएं। इसके अलावा पूरी बाजू की कमीज, जेवरात, कड़ा व घडी आदि पहनने पर रोक रहेगी।

### परीक्षा केंद्रों पर मुहैया करवाएं समुचित व्यवस्था

उपायुक्त प्रीति ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर पीने के स्वच्छ पानी, बिजली, शौचालय, बैठने की व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं पूरी तरह उपलब्ध रहें। ताकि किसी भी परीक्षार्थी को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि दिव्यांग परीक्षार्थियों को परीक्षा 1 घंटा 20 मिनट अतिरिक्त समय प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार सामान्य परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।



यमुनानगर। लघु सचिवालय में नीट यूजी की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में दिशा-निर्देश देतीं उपायुक्त प्रीति।

### केन्द्र अधीक्षक और ड्यूटी मजिस्ट्रेट टीम की भांति करें कार्य

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। जिला में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल के साथ साथ सीपीएफ के जवान भी तैनात रहेंगें। उन्होंने कहा कि जिला में बनाए गए सभी परीक्षा केन्द्रों का अच्छी तरह से निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि कमरों की खिड़कियां व दरवाजे सही हालत में हो और वहां पर बिजली पानी का उचित प्रबंध हो। मौके पर पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल, अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, एएसपी आशीष चौधरी,नगराधीश पीयूष गुप्ता, रादौर के एसडीएम नरेन्द्र कुमार,छछरौली के एसडीएम जसपाल सिंह गिल, डीएसपी रजत गुलिया, रमेश कुमार व पूजा तथा जिला शिक्षा अधिकारी प्रेम लता आदि मौजूद रहे।



कुरुक्षेत्र। अधिकारियों को दिशा निर्देश देते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

### नीट के लिए 21 जून को जिला में 5 परीक्षा केंद्रों पर 1980 युवा देंगे परीक्षा

■ धर्मशालाओं में परीक्षा देने आए बच्चों व अभिभावकों के लिए ठहरने की व्यवस्था की

कुरुक्षेत्र। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि नीट-2026 की परीक्षा का आयोजन 21 जून को होगा। परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारी, कर्मचारी अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ निभाएं किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में नीट 2026 की परीक्षा की तैयारियों को लेकर बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी सभी निर्धारित परीक्षा केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, शौचालय तथा बिजली की उचित व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों में रैम्प तथा व्हील चेयर की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों के बाहर सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था तथा परीक्षार्थियों के लिए पार्किंग की व्यवस्था करवाई जाए। पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा के दृष्टिगत प्रत्येक परीक्षा केंद्र के बाहर व्यापक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा को जिला में शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन कृतसंकल्प है। जिला में परीक्षा के दृष्टिगत 5 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 1980 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। जिले में परीक्षा के लिए शाहबाद के एसडीएम शंभू राठी को नोडल ऑफिसर नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि नीट (यूजी) परीक्षा 21 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों को सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया जाएगा, जिसके बाद प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि संबंधित एजेंसी द्वारा बायोमेट्रिक सत्यापन की व्यवस्था की गई है। तथा पुरुष और महिला परीक्षार्थियों के लिए अलग-अलग जांच काउंटर स्थापित किए गए। प्रत्येक 100 परीक्षार्थियों पर एक सुरक्षा जांच काउंटर तथा 48 परीक्षार्थियों पर एक बायोमेट्रिक उपकरण लगाया जाएगा। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, जैमर एवं अन्य आवश्यक उपकरण उपलब्ध करा दिए गए है। उन्होंने यह भी बताया कि जैमर को परीक्षा के दिन दोपहर 1.45 बजे से सक्रिय किया जाएगा, ताकि बायोमेट्रिक सत्यापन प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए। उपायुक्त ने बताया कि धर्मशालाओं में परीक्षा देने आए बच्चों व अभिभावकों के लिए यहां ठहरने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा इलेक्ट्रिक बसों की भी व्यवस्था की गई है। परीक्षा के दौरान भी अभिभावक इन निर्धारित धर्मशालाओं में आराम कर सकते है। इस अवसर पर शाहबाद के एसडीएम शंभू राठी, नगराधीश आशीष कुमार,संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### नीट को लेकर प्रशासन सतर्क

पानीपत। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा 21 जून को आयोजित होने वाली नीट (यूजी) पुनर्परीक्षा-2026 के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन को लेकर पानीपत जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में शुक्रवार को उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर परीक्षा प्रबंधन से जुड़ी व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। वहीं, डीसी डॉ वशिष्ठ ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि परीक्षा नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए और संबंधित विभाग एवं केंद्र अधीक्षक इस व्यवस्था को पूरी गंभीरता से सुनिश्चित करें।

## इंजेक्शन के बाद डेढ़ साल के बच्चे की बिगड़ी तबीयत, इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शहर में इंजेक्शन लगाने के बाद डेढ़ साल के मासूम बच्चे की मौत हो गई है। बच्चे के परिजनों ने पास के ही एक क्लीनिक संचालक पर गलत इंजेक्शन लगाने के आरोप लगाए। बच्चे का दादा उसे फुंसी/फोड़े की दवा दिलाने कॉलोनी के डॉक्टर के पास लेकर गया था। इंजेक्शन के बाद में बच्चा बेहोश हुआ, तो आरोपी डॉक्टर उस बच्चे और उसके दादा को प्राइवेट अस्पताल के गेट पर छोड़कर फरार हो गया। मृतक की पहचान दैविक के रूप में हुई है। दैविक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। दैविक का पिता गुरदीप सिंह रेलवे रोड पर इलेक्ट्रीशियन का काम करते हैं।



मृतक दैविक।

सैनी कॉलोनी के कर्मचंद ने बताया कि 15 जून की शाम करीब 7:15 बजे वह अपने डेढ़ साल के पोते दैविक को घुटने में हुए फोड़े का इलाज कराने के लिए कॉलोनी एक क्लिनिक में लेकर गए थे। वहां मौजूद क्लिनिक संचालक ने फोड़े में चीरा लगाने और चीरे से पहले इंजेक्शन लगाने की बात कही।

आरोपी ने बच्चे दैविक को इंजेक्शन लगा दिया, लेकिन इंजेक्शन लगाने के कुछ देर बाद ही बच्चे की तबीयत बिगड़ गई। बच्चे की तबीयत बिगड़ी, तो आरोपी ने एक और इंजेक्शन लगा दिया। जिससे बच्चे बेहोश हो गया। तब क्लिनिक संचालक बच्चे और उसके दादा को अपने साथ स्कूटी पर 50 फुटा रोड पर एक प्राइवेट अस्पताल लेकर गया। आरोपी उनको अस्पताल के गेट पर छोड़कर फरार हो गया। यहां बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया और प्राथमिक उपचार के बाद उसे दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना पाकर परिवार के लोग भी वहां पहुंच गए। यहां बच्चे का 2 दिन तक इलाज चलता रहा, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। तब बच्चे को 17 जून को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। यहां बच्चे का इलाज चलता रहा, लेकिन बाद में डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। बच्चे के परिवार ने क्लीनिक के डॉक्टर राकेश कुमार पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया। इस कारण उनके बच्चे दैविक की मौत हो गई। बच्चे के ताऊ गुरमीत सिंह ने बताया कि घटना के बाद आरोपी झोलाछाप डॉक्टर अपना क्लीनिक बंद कर भाग गया। उसने क्लीनिक के बाहर लगे अपने पोस्टर भी फाड़ दिए। अगर आरोपी डॉक्टर अस्पताल को किस तरह का इंजेक्शन लगाया, उसकी जानकारी दे देता, तो शायद उसका भतीजा जिंदा होता।

### आरोपी डॉक्टर को भेजा जेल : बलजीत सिंह

उधर, थाना कृष्ण गेट के एसएचओ बलजीत सिंह ने बताया कि आरोपी डॉक्टर राकेश कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। आरोपी के पास से डॉक्टर और क्लीनिक के संबंध में कोई डिग्री नहीं मिली। आरोपी को गिरफ्तार किया कर कोर्ट के आदेश पर जेल भेजा गया है।

### असला सप्लायर को यूपी के बागपत जिले पकड़ा

पानीपत। एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस की टीम असला सप्लायर प्रताप को यूपी के बागपत जिले के किशनपुर बरल गांव से गिरफ्तार कर लेकर आई। आरोपी की पहचान बागपत के किशपुर बरल गांव निवासी प्रताप के रूप में हुई है। थानेदार राकेश ने बताया कि इस मामले में थाना सनौली में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज है।

## बोन कैंसर से जूझ रहे युवक ने पुलिसकर्मियों पर थाने में कुकर्म करने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बोन कैंसर से जूझ रहे एक युवक ने पुलिसकर्मियों पर थाने में कुकर्म करने का आरोप लगाया है। युवक का दावा है कि कीमोथेरेपी के कारण उसके सिर और शरीर के बाल झड़ चुके हैं। 17 जून की रात ड्यूटी से घर लौटते समय उसे इंद्री नाके पर रोककर लाडवा थाने ले जाया गया। आरोप है कि वहां पुलिसकर्मियों ने पहले उसके साथ मारपीट की, फिर उसकी टांगों के बाल न होने पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए कहा, /"तेरी टांगें लड़कियों जैसी हैं/"। इसके बाद दो एएसआई और एक होमगार्ड ने उसके साथ गलत हरकत की। अगले दिन ब्लीडिंग होने और तबीयत बिगड़ने पर मामला परिवार के सामने आया, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल उसका इलाज एलएनजेपी अस्पताल में चल रहा है। युवक ने एसपी को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, लाडवा के डीएसपी निर्मल सिंह का कहना है कि अस्पताल से घटना की सूचना मिली है। अभी मामले की जांच चल रही है। युवक लाडवा के सरकारी अस्पताल में इलाज कराने पहुंचा था। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे कुरुक्षेत्र सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया। युवक लाडवा के सरकारी अस्पताल में इलाज कराने पहुंचा था। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे कुरुक्षेत्र सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया। युवक ने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी बाईं टांग में बोन कैंसर है और वह कीमोथेरेपी करा रहा है। हाल ही में हुई कीमोथेरेपी के कारण उसके शरीर के बाल झड़ चुके हैं।

### बैंक की ड्यूटी खत्म कर बाइक से घर लौट रहा था युवक

17 जून की रात वह बैंक की ड्यूटी खत्म कर बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान इंद्री नाके पर ड्यूटी कर रहे एक होमगार्ड ने उसे रोक लिया। उसने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था, जिसे होमगार्ड ने हटवा दिया। युवक का आरोप है कि कुछ देर बाद डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। जिस गाड़ी में पुलिसकर्मी आए थे, उस पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी। गाड़ी से उतरे दो पुलिसकर्मियों में से एक ने शराब पी रखी थी। आते ही उसने उसे थप्पड़ मार दिया। इसके बाद उसने अपने मोबाइल से पुलिसकर्मी की वीडियो बनानी शुरू कर दी। तभी पुलिसकर्मियों ने उसका मोबाइल छीन लिया। एक पुलिसकर्मी करनाल का रहने वाला है और उसे पहले से जानता था। उक्त पुलिसकर्मी पहले उससे पैसे मांग चुका था, लेकिन उसने पैसे देने से इनकार कर दिया था। युवक ने बताया कि इसके बाद उसे जबरन लाडवा थाने ले जाया गया और उसकी बाइक को इंपाउंड कर दिया गया। थाने में उसे पहले करीब आधे घंटे तक बैठाकर रखा गया। बाद में रात के समय उसे कमरा नंबर-4 में ले जाया गया, जहां उसके साथ मारपीट की गई। इसके बाद दो एएसआई और एक होमगार्ड ने उसके कपड़े उतरवाए और उसके साथ दुर्व्यवहार किया। युवक ने बताया कि अगले दिन नहाते समय उसे ब्लीडिंग होने लगी। शर्म और डर के कारण उसने शुरूआत में किसी को घटना के बारे में नहीं बताया।

### जांच के बाद कार्रवाई करेंगे : डीएसपी

लाडवा डीएसपी निर्मल सिंह ने बताया कि सरकारी अस्पताल से घटना की सूचना मिली थी। पीड़ति के बयान दर्ज किए गए हैं। आरोप की सत्यता की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

## होटल के कमरे में घुसकर रिसेप्शनिस्ट पर किया हमला

■ पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ किया मामला दर्ज

यमुनानगर। शहर के मॉडल टाउन स्थित होटल के कमरे में घुसकर तीन लोगों ने रिसेप्शनिस्ट पर हमला कर दिया और नगदी छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ति की शिकायत के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार पुलिस को दी शिकायत में आजाद नगर निवासी 25 वर्षीय गोपाल ने बताया कि वह मॉडल टाउन स्थित होटल में बतौर रिसेप्शनिस्ट काम करता है। देर रात करीब 10 बजे ड्यूटी खत्म होने के बाद वह होटल के कमरा नंबर 103 में आराम करने चला गया। इसी दौरान तीन युवक जबरन कमरे में घुस आए और उस पर हमला कर दिया।

## फंदे पर मिला युवक, श्मशान से पुलिस ने शव कब्जे में लिया

■ हत्या या आत्महत्या? पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी जांच, मां ने दो युवकों पर लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल जिले के गांव पंगाला में 27 वर्षीय युवक विक्रम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद मामला तूल पकड़ गया। परिजन शव का अंतिम संस्कार करने के लिए श्मशान घाट पहुंच चुके थे, तभी किसी ग्रामीण की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अब पूरे मामले का सच पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आ सकेगा।

जानकारी के अनुसार अविवाहित विक्रम दिहाड़ी मजदूरी करता था। बुधवार शाम उसका शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव को नीचे उतार लिया और अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी। इसी दौरान डायल-112 पर शिकायत मिलने के बाद असंध थाना पुलिस गांव पहुंची और श्मशान घाट से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक की मां ने आरोप लगाया कि पहले उसके बेटे के साथ मारपीट की गई और बाद में हत्या कर शव को फंदे पर लटका दिया गया। उनका कहना है कि गांव के दो युवकों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। उन्होंने दावा किया कि विक्रम के शरीर, विशेषकर बाजू पर चोटों के निशान मिले हैं और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

### पुलिस के सामने सबसे बड़े सवाल

▶▶ क्या युवक ने खुदकुशी की या हत्या हुई?
▶▶ शरीर पर मिले चोटों के निशान कैसे आए?
▶▶ दिन में हुए विवाद का मौत से कोई संबंध है या नहीं?
▶▶ पोस्टमार्टम रिपोर्ट में क्या खुलासा होगा?

### आत्महत्या की जताई आशंका

असंध थाना के एसएचओ नसीब सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि दिन में विक्रम का पड़ोस में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था और शाम को उसका शव फंदे पर लटका मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा होगा।

### आरटीए की लाइव लोकेशन लीक करने वाले नेटवर्क का भांडाफोड

समालखा। पानीपत के गांव झट्टीपुर के इलाके में आरटीए विभाग की लाइव लोकेशन लीक करने वाले नेटवर्क का भांडाफोड हुआ है। वहीं, पानीपत आरटीए विभाग के सुरेंद्र सिंह की शिकायत पर समालखा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरटीए सिंह ने पुलिस को लिखित शिकायत दी कि झट्टीपुर क्षेत्र में अंश उर्फ हर्ष निवासी गढ़ी बेसक, जिला पानीपत आरटीए विभाग की गाड़ियों और चेकिंग अधिकारियों की गुप्त लोकेशन को सार्वजनिक कर रहा है। जांच में सामने आया कि अंश उर्फ हर्ष व्हाट्सएप ग्रुप चला रहा था और इस ग्रुप में कई वाहन चालक और अवैध परिवहन से जुड़े लोग शामिल थे। आरोपी का मुख्य काम आरटीए की टीम की लोकेशन को ट्रैक करना और ग्रुप में मैसेज या वॉयस नोट के जरिए लाइव अपडेट देना था।

## विदेश भेजने के नाम पर युवक से ठगे 1.68 लाख

■ पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

विदेश भेजने के नाम पर दो लोगों ने एक युवक से 1.68 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक गांव तिगरा निवासी विवेक कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह ग्रेजुएट है और विदेश जाकर नौकरी करना चाहता था। इसी दौरान उसकी मुलाकात हर्ष नामक युवक से हुई। हर्ष ने उसकी मुलाकात अंबाला के नारायणगढ़ निवासी रजत से करवाई। दोनों ने उसे ग्रीस भेजने और वहां नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। इसके लिए साढ़े छह लाख रुपये में सौदा तय हुआ। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने पिछले साल दिसंबर में उससे 1.68 लाख रुपये और पासपोर्ट सहित अन्य जरूरी दस्तावेज ले लिए। कुछ समय बाद उसे ग्रीस का विजिटर वीजा देकर कोलकाता भेज दिया। वहां उसे करीब 15 दिन तक रुकवाया गया और कहा गया कि यहीं से फ्लाइट जाएगी तथा विजिटर वीजा को बाद में वर्क वीजा में बदलवा दिया जाएगा। विवेक को जब दिए गए वीजा पर शक हुआ तो उसने अपना पासपोर्ट वापस मांगा। आरोप है कि इस पर हर्ष और रजत ने पासपोर्ट लौटाने के लिए पूरी रकम यानी साढ़े छह लाख रुपये की आधी रकम जमा कराने की मांग कर दी। इससे उसे ठगी का एहसास हुआ और वह वापस घर लौट आया। पीड़ति का कहना है कि इसके बाद उसने कई बार दोनों आरोपियों से संपर्क करने की कोशिश की।

### बिजली चोरी की वीडियो बनाने पर युवक पर रॉड से किया हमला

यमुनानगर। रादौर में बिजली चोरी की कथित वीडियो बनाने को लेकर एक युवक पर दो युवकों ने एक महिला के साथ मिलकर उस पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक रादौर निवासी धर्मबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 17 जून की शाम करीब साढ़े छह बजे वह अपने मोबाइल फोन से कस्बा में गुलजार और राजेश द्वारा की जा रही कथित बिजली चोरी की वीडियो बना रहा था। आरोप है कि इसी दौरान राजेश ने उसे वीडियो बनाते देख लिया और घर के अंदर से लोहे की रॉड लेकर बाहर आ गया। धर्मबीर के अनुसार राजेश के साथ गुलजार और सलोचना भी बाहर आ गए।

### गाड़ियां समय पर खाली न होने से मिलर्स नाराज

## राइस मिलर्स ने एफसीआई गोदाम के सामने की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

चावल डिलीवरी के लिए राइस मिलर्स की गाड़ियां समय पर खाली ना होने को लेकर मिलर्स में गहरा रोष है। इसे लेकर चावल व्यापारियों ने गांव भटेड़ी के निकट स्थित एफसीआई के गोदाम के सामने जमकर नारेबाजी की। मिलर्स का आरोप है कि भ्रष्टाचार के चलते यहां चावल की डिलीवरी नहीं ली जा रही। जबकि वे लोग सरकार द्वारा निर्धारित 30 जून की तिथि तक पूरे चावल की डिलीवरी देने के लिए तैयार हैं। पूर्व प्रधान सतीश सिंगला ने कहा कि पिछले चार दिन से गाड़ियां खड़ी हुई है। लेकिन उन्हें टरकाया जा रहा है। व्यापारियों ने बताया कि धान का सीजन शुरू होने के चलते मजदूर भी रोपाई के सीजन में चले गए हैं। जिससे उन्हें गाड़ियां लोड करने के लिए मजदूर तक नहीं मिल रहे। बड़ी मुश्किल से वे गाड़ियां लोड करके गोदाम तक लेकर आते हैं। लेकिन यहां कई कई दिन तक गाड़ी खाली नहीं होती। सरकार द्वारा निर्धारित 30 जून की तिथि भी सिर पर है। व्यापारी चावल देने के लिए तैयार बैठे हैं। लेकिन एफसीआई के पास व्यवस्था ही नहीं है। ऐसे में उनका धंधा बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। नाराज व्यापारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो वे जाम लगाकर प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे।



### अधिकारियों का तर्क, मजदूरों की कमी

उधर, गोदाम पर तैनात एफसीआई अधिकारियों का कहना है कि मजदूरों की कमी के चलते डिलीवरी लेने में विलंब हो रहा है। ठेकेदार से बात जारी है। प्रयास है की गाड़ियां जल्दी खाली हों। भ्रष्टाचार के जो आरोप लगाए गए हैं। वे बेबुनियाद है। जिस तरह राइस मिलर्स को मजदूरों की कमी खल रही है। इस तरह गोदाम में भीलेबर की समस्या है ।

## जनता को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता : अरोड़ा

# हरबंसपुरा कॉलोनी में 41.55 लाख के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

**सड़क और आरसीसी नाले का होगा निर्माण, अफसरों को तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ट्विन सिटी की हरबंसपुरा कालोनी में 41.55 लाख की लागत से बनने वाली सड़क व पानी निकासी के लिए आरसीसी नाले का सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने शिलान्यास व नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। मौके पर नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी भी मौजूद रही।



यमुनानगर। हरबंसपुरा कॉलोनी में सड़क व आरसीसी नाले का शिलान्यास करते विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व मेयर।

सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में भाजपा की सरकार द्वारा हर वर्ग के समान विकास की नीति पर कार्य किया जा रहा है। नगर निगम क्षेत्र में करोड़ों रुपये की लागत से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं, जिससे कि नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिल सकें।

प्रदेश सरकार और नगर निगम शहर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। जनता को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप और निर्धारित समय सीमा में पूरा कराया जाए। ताकि जनता को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। अधिकारियों को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए निर्धारित समय अवधि में विकास कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम राणा, सुरेंद्र शर्मा, नरेंद्र राणा, डा. विरेंद्र सिंह चौहान, सरदारी लाल मल्होत्रा, सीमा कांबोज व दिनेश उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

### निर्माण सामग्री की गुणवता से समझौता नहीं

मौके पर मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि नगर निगम द्वारा हरबंसपुरा कॉलोनी में 41 लाख 55 हजार की लागत से कांबोज करियाना स्टोर से लेकर नीलकंठ डेयरी तक सड़क व आरसीसी नाले का निर्माण करवाया जाएगा। इस नाले के पूरा होने के बाद यहां के लोगों को जलभराव की समस्या नहीं झेलनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में निर्माण सामग्री की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को काम में पूरी पारदर्शिता बरतने और इसे निर्धारित समय अवधि के भीतर पूरा कराने के निर्देश दिए गए। ताकि स्थानीय जनता को जल्द से जल्द इस सुविधा का लाभ मिल सके।

# अंतरिक्ष की अद्भुत दुनिया से करवाया रूबरू

- आओ मिलें आकाश से कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रात्रि आकाश का किया प्रत्यक्ष अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर


रादौर। पॉलिटेक्निक दामला में कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

पॉलिटेक्निक दामला में शुक्रवार को सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इन इंडिया की ओर से नवीन जिंदल फाउंडेशन के सहयोग से 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन विज्ञान शिविर प्रेरणा-2026 का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को विज्ञान एवं अंतरिक्ष की अद्भुत दुनिया से रूबरू कराया गया।

शिविर के अंतर्गत आयोजित आओ मिलें आकाश से कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रात्रि आकाश का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस अवसर पर विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित इंजीनियर अमन कुमार एवं गुलशन चौरसिया ने विद्यार्थियों को दूरबीनों की कार्यप्रणाली समझाते हुए रिफ्रैक्टिंग तथा रिफ्लेक्टिंग टेलीस्कोप का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने इन दूरबीनों की सहायता से चंद्रमा का अत्यंत स्पष्ट एवं आकर्षक दृश्य देखा तथा उसकी सतह पर स्थित विशाल क्रेटरों का अवलोकन कर अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति उत्सुकता व्यक्त की।

कार्यक्रम समन्वयक कपिल शर्मा ने विद्यार्थियों को अंतरिक्ष से जुड़ी लोककथाओं व पारंपरिक मान्यताओं का उल्लेख करते हुए आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से खगोलीय घटनाओं को समझाया। कार्यक्रम में मेंटर्स के रूप में यश गुप्ता, शौर्य, गौतम, अभिलाषा तथा जानवी की भी सक्रिय उपस्थिति रही। उन्होंने विद्यार्थियों को गतिविधियों में मार्गदर्शन प्रदान किया और विज्ञान के प्रति उनकी जिज्ञासा को बढ़ावा दिया। प्रिंसिपल संजीव सहगल ने छात्रों के लिए इस ज्ञानवर्धक व प्रेरणादायक आयोजन करने के लिए सभी का धन्यवाद किया। संजीव सहगल ने कहा कि इस तरह के प्रायोगिक आयोजन विद्यार्थियों के मानसिक क्षितिज को व्यापक बनाने में मदद करते हैं जिससे उन्हें उच्च शिक्षा के अवसरों और भविष्य के करियर विकल्पों को चुनने में सही दिशा मिलती है।



## किसानों को दी तकनीकी जानकारी

**रादौर।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रव्यापी खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र दामला की ओर से विभिन्न गांवों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत गांव बकाना, दामला, बैंडी बहादुरपुर, सभापुर, नगला जागीर, हाफिजपुर, मंधार, फतेहपुर, जयपुर, गुलापुर, दामला, बदनपुरी, हडौली एवं खुर्दी सहित विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें कुल 1636 किसानों ने भाग लिया। कृषि विज्ञान केंद्र दामला के समन्वयक डॉ. संदीप रावल ने किसानों को सीधी बिजाई धान तकनीक के लाभ, धान में खरपतवार प्रबंधन, जल तथा फसल की प्रारंभिक अवस्था में अपनाई जाने वाली वैज्ञानिक सिफारिशों, धान में उभर रही सदर्न राइस ब्लैक स्ट्रीक्ड ड्वार्फ वायरस बीमारी के लक्षणों, इसके प्रसार एवं रोकथाम के उपायों से भी अवगत कराया। डॉ.आराधना बाली ने किसानों को खरीफ फसलों में वैज्ञानिक फसल प्रबंधन, उचित बीज दर, समय पर बुवाई व फसल स्थापना तकनीकों के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा मृदा वैज्ञानिक डॉ.विशाल गोयल ने किसानों को मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के प्रयोग, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व, सूक्ष्म पोषक तत्वों के संतुलित उपयोग तथा मृदा उर्वरता बनाए रखने के उपायों की जानकारी दी।



## हमारे जीवन के लिए योगाभ्यास अत्यंत महत्वपूर्ण: डॉ. कुलदीप

**यमुनानगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को व्यासपुर में उपमंडल स्तर पर सफलता पूर्वक मनाए जाने को लेकर शुक्रवार को फाइनल योग रिहर्सल की गई। उपमंडल अधिकारी (ना)व्यासपुर डॉ. कुलदीप सिंह ने कार्यक्रम का निरीक्षण करते हुए सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योग हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। योग न केवल शरीर को स्वस्थ एवं निरोगी बनाता है बल्कि मानसिक तनाव को कम कर व्यक्ति को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम स्थल पर बैठने, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, स्वच्छता, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि उपमंडल स्तरीय मुख्य कार्यक्रम 21 जून को सब्जी मंडी व्यासपुर में आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त साढौरा स्थित हिंदू सीनियर सैकेंडरी स्कूल तथा लोहागढ़ भगवानपुर में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मौके पर आयुष विभाग से आयुष योग सहायक रंजू देवी ने भारत सरकार द्वारा निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान क्रियाओं का अभ्यास करवाया। रिहर्सल कार्यक्रम में रविन्द्र कुमार नायब तहसीलदार, खंड शिक्षा अधिकारी नरेश पाल, सीडीपीओ किरणबाला, आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. अभिषेक कांगो,ग्राम सचिव विजयंत व योग सहायक रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

# गर्मी के मौसम में अपनी सेहत का रखें खास ख्याल : डॉ. निर्मल

- नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 150 मरीजों का चिकित्सकों ने किया चेकअप, दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


यमुनानगर। डॉ. निर्मल अस्पताल में आयोजित शिविर में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

शहर के दिल्ली मार्ग स्थित निर्मल अस्पताल में शुक्रवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 150 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की। मौके पर बच्चों के स्वास्थ्य की भी जांच की गई। शिविर का शुभारंभ अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह ने दीप प्रज्वलित करके किया।

शिविर में अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह व अन्य चिकित्सकों की टीम ने 150 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। जिनमें अधिकांश लोगों को अस्थमा, शुगर, सांस, दमा व हृदय रोग से पीड़ति पाया गया। मौके पर डॉ. निर्मल सिंह ने मरीजों को रोगों के उपचार और स्वस्थ रहने के लिए उपाय बताए। उन्होंने अस्थमा व दमा से पीड़ति मरीजों को गर्मी के उमस भरे मौसम में ऐहतियात बरतने की सलाह दी। साथ ही गर्मी में बाहर की वस्तूएं न खाने व तपती गर्मी में बाहर न निकलने की सलाह दी। उन्होंने मरीजों को पानी उबालने के बाद ठंडा करके पीने की सलाह दी। डॉ. निर्मल ने बताया कि बढ़ती गर्मी की वजह से लोग जानकारी के अभाव में विभिन्न रोगों की चपेट में आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में ज्यादात्तर रोगी अस्थमा, सांस व दमा से पीड़ति पाए गए। जिनका अस्पताल की ओर से निःशुल्क उपचार किया गया और मुफ्त दवाईयां दी गई।

### एलर्जी की समस्या से पीड़ित मिले बच्चे

शिविर में बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिनमें अधिकांश बच्चों में एलर्जी, जुखाम व पेट के रोगों से पीड़ति पाए गए। जिन्हें मुफ्त में दवाइयां दी गई और उनके अभिभावकों को बच्चों को बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए। शिविर में कैंप, जम्मू कालोनी, फरकपुर व आसपास के इलाकों के मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य की जांच करवाई।

### जिला प्रशासन ने रादौर खंड के गांव पालेवाला में लगाया जनता दरबार

# जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर करें समाधान

**अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने अधिकारियों के साथ लोगों की समस्याएं सुनीं और किया निस्तारण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर। गांव पालेवाला में आयोजित जनता दरबार में अधिकारियों के साथ समस्याएं सुनते अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा व दरबार में पहुंचे ग्रामीण।

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा रादौर खंड के गांव पालेवाला में जनता दरबार व रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनता दरबार व रात्रि ठहराव कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने अन्य अधिकारियों के साथ लोगों की समस्याएं सुनी और उनका निस्तारण किया। मौके अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने अधिकारियों को जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिनमें सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

जनता दरबार व रात्रि ठहराव कार्यक्रम में करतारपुर गांव निवासी आरूषीने आधार कार्ड बनवाने, कंडरौली निवासी जसमेर सिंहने गैर मुमकिन जौहड रकबा 35 कनाल 19 मरले की जांच करवाने बारे व राजबीर सिंह ने सीए अनिरूद्ध कुमार व अन्य द्वारा आपराधिक षडयंत्र करने बारे की शिकायत रखी। इसके अलावा पालेवाला निवासी नीतू रानी ने पक्का मकान बनवाने बारे, शिव चरण ने मुख्य तालाब का रास्ता खुलवाने बारे, गुमथला निवासी सुभाष ने प्लाट का लेवल करवाने के लिए मिटटी उठवाने की मंजूरी बारे, पालेवाला के अशोक कुमार व समस्त ग्रामवासियों ने महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती में ट्रांसफार्मर लगवाने बारे, मंधार निवासी ममतेश रानी ने पक्का मकान बनवाने, सुनील राणा ने स्पीड ब्रेकर लगवाने बारे, चरण सिंह संधाली ने सरपंच विजय लक्ष्मी व नंबरदार राजेश कुमार को सस्पेंड करवाने बारे, जसबीर सिंह व ग्रामवासी पालेवाला ने बिजली विभाग की तरफ से लाइनमैन की संख्या बढाने बारे व रामकुमार ने पब्लिक हैल्थ के टयूबबैल की पाइप लाइन दबवाने बारे की समस्या रखी।

इसके अलावा पालेवाला निवासी मनजीत सिंह ने हरिजन चौपाल के चारों तरफ गंदगी को हटवाने बारे व अमरजीत ने पंचायती फिरनी को साफ करवाने बारे, मामराज बरसान ने मुआवजा न मिलने बारे, ग्राम पंचायत पालेवाला ने गांव में स्टेडियम पूरा करवाने तथा खेलों के उपकरण व कोच उपलब्ध करवाने, ग्राम पंचायत पालेवाला ने गांव पालेवाला से नाचरौन का रास्ता खुलवाने समेत अन्य समस्याएं रखी। अधिकांश का अधिकारियों ने मौके पर समाधान कर दिया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एएसपी आशीष चौधरी, रादौर के एसडीएम नरेन्द्र कुमार, जीएम रोडवेज संजय रावल,डिप्टी सीईओ जसविन्द्र सिंह, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह व बीडीपीओ सिमरन भटनागर आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### छात्र अंकुश ने जीती पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

**यमुनानगर।** विकसित भारत, विकसित हरियाणा अभियान के तहत राजकीय मॉडल संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जगाधरी में चित्रकला एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी प्रेमलता ने किया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से विकसित भारत,विकसित हरियाणा की संकल्पना को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर जगाधरी के छात्र अंकुश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्रा पारुल ने द्वितीय व जीजीएसएसएस की छात्रा इच्छा तृतीय, सरस्वती विद्या मंदिर जगाधरी की सिमरन चतुर्थ व जीजीएसएसएस की विद्यार्थी दीपिका पंचम स्थान पर रही। इसी प्रकार चित्रकला प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर जगाधरी के छात्र हरी ने प्रथम,जीजीएसएसएस के छात्र आर्यन द्वितीय, जीएसएसएस की छात्रा कृतिका तृतीय, जीएमएसएसएस के छात्र शीतल चतुर्थ व जीजीएसएसएस की छात्रा तान्या पंचम स्थान पर रही। प्रतियोगिता के अंत में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी मोहम्मद जावेद ने विजेता बच्चों को बधाई दी। इस अवसर पर डीएमएस संजय कांबोज, मुकेश कुमार,रजनी आदि मौजूद रहे।



### छबील और चावल छोले का लगाया लंगर

**रादौर।** गुरुद्वारा बाबा बन्दा सिंह बहादुर द्वारा गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष में कस्बा में मीठे जल की छबील व चावल छोले के लंगर का आयोजन किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान कोमल अरोड़ा ने कहा कि गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर छबील व लंगर लगाया गया है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में छबील का आयोजन करना पुण्य का कार्य है। मौके पर राजू गुप्ता, ग्रंथी सतीश सिंह, राजू, हर्ष, सम बत्रा, हरीश, दीपक, अनमोल कालरा, अकुल, रोहन, पीयूष, डॉ.गुरदीप शर्मा व भीम सेन आदि ने छबील और लंगर में प्रसाद वितरण में सहयोग दिया।



### कांग्रेस की नीतियों को लोगों तक पहुंचाएं: गुर्जर

**रादौर।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रादौर की नई अनाज मंडी में कार्यक्रम आयोजित कर पार्टी के नवनियुक्त ब्लाक प्रधान गुलजार सिंह नंबरदार का स्वागत किया। मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के जिला प्रधान नगरपाल सिंह गुर्जर ने की। कांग्रेस के जिला प्रधान नरपाल सिंह गुर्जर ने कहा कि कहा कि पार्टी की ओर से जिले में सभी ब्लॉक प्रधानों की नियुक्ति कर दी गई है। इससे संगठन मजबूत होगा। कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाने का काम करें। नवनियुक्त कांग्रेस के ब्लाक रादौर प्रधान गुलजार सिंह नंबरदार ने कहा कि क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाया जाएगा। अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर वर्ग सरकार की जनविरोधी नीतियों से परेशान है। इस अवसर पर सुरेश ढांडा, संग्राम राणा पालेवाला, परमजीत धीमान, सुरेंद्र राणा बडतौली, सतीश सांगवान, बलिंद्र ढिल्लो पूर्व प्रधान अनाजमंडी रादौर, रणबीर सिंह आढ़ती व नाथीराम सागड़ी आदि मौजूद रहे।



### मानसून से पहले नालों की सफाई पूरी करवाएं

**यमुनानगर।** मानसून के दौरान शहर में जलभराव की समस्या से लोगों को राहत दिलाने के लिए नगर निगम द्वारा नालों की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। शुक्रवार को मेयर सुमन बहमनी ने सीएसआई विनोद बेनीवाल और एसआई सतबीर सिंह के साथ जगाधरी वर्कशॉप रोड पर शहीद भगत सिंह चौक से महाराणा प्रताप चौक तक नालों की सफाई का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को नालों पर किए गए अवैध निर्माण को तोड़कर सफाई करने के निर्देश दिए। मेयर सुमन बहमनी ने शुक्रवार को कई नालों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई स्थानों पर नालों पर अतिक्रमण किया गया मिला। जिसे मेयर ने तुरंत तुड़वाकर सफाई करवाई। मेयर सुमन बहमनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी नालों पर अतिक्रमण है उन्हें हटवाकर सफाई कराएं। उन्होंने सभी प्रमुख नालों की सफाई समयबद्ध तरीके से पूरी की जाने के निर्देश दिए। ताकि बारिश के मौसम में पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सके। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि जिन स्थानों पर नालों की सफाई का कार्य अभी अधूरा है। उसे प्राथमिकता के आधार पर तुरंत पूरा किया जाए। साथ ही जिन नालों पर अतिक्रमण या अवैध कब्जे हैं। उन्हें हटाकर सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य मानसून से पहले सभी प्रमुख नालों की सफाई पूरी कर शहरवासियों को जलभराव की समस्या से राहत दिलाना है। मेयर सुमन बहमनी ने आमजन व दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि बारिश में जलभराव से निपटने के लिए सभी सहयोग करें। नालों की जल निकासी में अवरोध पैदा न करें। स्वयं ही नालों से कब्जे व अतिक्रमण हटाएं। नालों व नालियों में कचरा न फेंके। मेयर ने बताया कि नगर निगम द्वारा जहां पर भी नालों की सफाई कराई जा रही है। वहां बहुत मात्रा में प्लास्टिक और घरों से निकलने वाला कचरा निकल रहा है। आमजन से अपील है कि वे घर से निकलने वाला कचरा व प्लास्टिक नालों में न फेंके।

### गुरु अर्जन देव की शिक्षाओं पर हुआ गेस्ट लेक्चर

**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज के तत्वावधान में शुक्रवार को कॉलेज की द क्रिटिक सोसाइटी द्वारा गुरु अर्जन देव जी का जीवन, विरासत और शिक्षा विषय पर गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। इसमें फैकल्टी सदस्यों और स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया, जिससे गुरु अर्जन देव जी के शाश्वत मूल्यों पर चिंतन करने का एक बेहतरीन मंच मिला। मुख्य वक्ता डॉ. रमनप्रीत कौर पूर्व विभागाध्यक्ष और प्रोफेसर पंजाबी विभाग स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज, लिटरेचर एंड कल्चर, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ पंजाब ने एक विचारोत्तेजक भाषण दिया। उन्होंने बताया कि कैसे गुरु अर्जन देव जी ने सत्य करुणा, विनम्रता और अटूट विश्वास के शाश्वत सिद्धांतों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। डॉ. कौर ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी शहादत धार्मिक और सांप्रदायिक सीमाओं से परे थी। यह आस्था का स्वतंत्र और सम्मानपूर्वक पालन करने के सार्वभौमिक मानवाधिकार के लिए एक ऐतिहासिक कदम था। उन्होंने आज के समाज में सद्भाव, सहिष्णुता और आध्यात्मिक मजबूती को बढ़ावा देने में उनकी शिक्षाओं की प्रासंगिकता पर भी प्रकाश डाला। समापन पर प्रिंसिपल डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। उन्होंने डॉ. रमनप्रीत कौर का उनके ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक व्याख्यान के लिए दिल से आभार व्यक्त किया। समन्वय हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.विनय चंदेल ने किया। कार्यक्रम संचालन में पंजाबी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर एस.अमृतपाल सिंह, अंग्रेजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.रमनदीप महल व प्रमोद ने अहम भूमिका निभाई।

## खबर संक्षेप

### 23 को होगी जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 23 जून को सुबह 11 बजे नया लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता विकास एवं पंचायत विभाग मंत्री कृष्ण लाल पंवार करेंगे। उन्होंने कहा कि 23 जून को जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक को देखते हुए कोई भी अधिकारी अवकाश पर ना रहे और सभी विभागों के अध्यक्ष 10:45 बजे नया लघु सचिवालय के सभागार में पहुंचना सुनिश्चित करें।

### शिक्षा संवाद एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**कुरुक्षेत्र।** संत शिरोमणि कबीरदासजी की जयंती के पावन अवसर पर वाल्मीकि अम्बेडकर शिक्षा मिशन, हरियाणा एवं वाल्मीकि अम्बेडकर एम्प्लाइज एसोसिएशन, हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के नॉन-टीचिंग क्लब में 20 जून को शिक्षा संवाद एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर वर्ष 2026 में 10वीं एवं 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रविन्द्र सिंह बलियाला, पूर्व विधायक रतिया एवं हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन उपस्थित रहेंगे।

### कुवि के 12 शोधार्थी पीएचडी की उपाधि के पात्र घोषित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने शोध समिति और परीक्षकों के बोर्ड की अनुशंसा पर 12 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि पीएचडी डिग्री के लिए पात्र घोषित किए गए शोधार्थियों में अंग्रेजी से पूजा देवी, कामर्स से मिर्जा अहमद इब्राहिमी, मैनेजमेंट से ट्विंकल, बायो-केमिस्ट्री से सलीम खान, बायो-टेक्नोलॉजी से विधि गर्ग, अप्लाईड जियोफिजिक्स से इंदु बाला तथा प्रियंका, अर्थशास्त्र से विनय कुमार तथा अलका, मनोविज्ञान से कुलदीप, मुकेश कुमार तथा रीना सैनी शामिल है।

### जनता दरबार में एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

**पिहोवा।** आमजन और पुलिस के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने तथा लोगों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन ने शुक्रवार को थाना सदर पिहोवा में खुला जनता दरबार लगाकर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में करीब 45 लोगों ने अपनी विभिन्न शिकायतें एवं समस्याएं पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं, जिनमें से अधिकांश का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। शिकायतों का तुरंत निपटारा होने से लोगों के चेहरों पर संतोष और खुशी साफ दिखाई दी। जनता दरबार के दौरान एसपी ने प्रत्येक फरियादी की बात गंभीरता से सुनी और समस्याओं के शीघ्र समाधान के आदेश दिए। इस दौरान नागरिकों ने सरस्वती सरोवर के आसपास अवैध रूप से खड़ी रेहड़ियों को हटाने तथा वहां भीख मांगने को हटवाने की मांग भी उठाई।

## लाडवा में 61, शाहबाद में 72, थानेसर में 38 व पिहोवा में 57% फार्म वितरित

# बीएलओ ने 4 विधानसभाओं में बांटे 4 लाख 28 हजार एन्यूमरेशन फार्म

**विवाहित महिलाओं के आवेदन में पति के बजाय लिया जाएगा 2002 की रिकॉर्ड सूची से माता-पिता का डाटा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** जानकारी देते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा। *फोटो : हरिभूमि*

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत कुरुक्षेत्र जिले में 54 प्रतिशत एन्यूमरेशन फार्म वितरित करने का कार्य पूरा कर लिया गया है। इस कार्य को पूरा करने के लिए बीएलओ और अन्य अधिकारियों को और अधिक मेहनत से कार्य करने की जरूरत है। अहम पहलू यह है कि कुरुक्षेत्र की चारों विधानसभाओं में 4 लाख 28 हजार एन्यूमरेशन फार्म वितरित किए जा चुके है। इसमें लाडवा विधानसभा में 61 प्रतिशत, शाहबाद विधानसभा में 72 प्रतिशत, थानेसर विधानसभा में 38 प्रतिशत व पिहोवा विधानसभा में 57 प्रतिशत फार्म वितरित किए जा चुके है। इतना ही नहीं 1 जुलाई 2028 को 18 वर्ष की आयु वाले युवा भी अपना वोट बनवा सकते है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में एसआईआर को लेकर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मतदाताओं की त्रुटियां ठीक करने के लिए है। इस प्रक्रिया के माध्यम से किसी की वोट नहीं काटी जाएगी। अपितु जिन युवाओं की आयु 1 जुलाई 2026 को 18 वर्ष की हो चुकी है। उन युवा मतदाताओं की भी नई वोट बनाई जाएगी। इस जिले में भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार बीएलओ 15 जून से लेकर 14 जुलाई तक घर-घर जाकर मतदाताओं को प्रपत्र देंगे। जिन्हें मतदाता द्वारा भरा जाएगा। सभी मतदाता अपने दो पासपोर्ट साइज फोटो जरूर साथ रखें। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत तैयार प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 21 जुलाई 2026 को किया जाएगा। इसके बाद 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएगी, ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटने या अन्य त्रुटियों को समय रहते दूर किया जा सके। विवाहित महिला के आवेदन में उसके पति की बजाए उसके परिजनों (माता-पिता) के 2002 की सूची के रिकॉर्ड से डाटा लिया जाएगा। विवाहित महिला के आवेदन में यदि 2002 की सूची में केवल माता का रिकॉर्ड है तो माता की रिकॉर्ड की ही डिटेल शामिल की जाएगी।

## धुराला में तालाब बना नरक राहगीर व ग्रामीण परेशान


**थानेसर।** रोष जताते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ थानेसर

गांव धुराला में मुख्य बस स्टैंड समीप स्थित तालाब अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। अनदेखी के चलते यह तालाब अब पूरी तरह गंदगी के ढेर और नरक में तब्दील हो चुका है। तालाब में चारों तरफ जलकुंभी उगी हुई है और गाँव की नालियों का गंदा पानी इसमें सीधे गिरने के कारण भयंकर बदबू आ रही है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि यह तालाब मुख्य बस स्टैंड के बिल्कुल पास है, जहाँ से रोजाना सैकड़ों ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और राहगीरों का आना-जाना होता है। ग्रामीण नरेन्द्र कुमार ने बताया कि कुछ दिन पहले तो किसी ग्रामीण का भैंस का बच्चा इसमें डूबकर मर गया था, और ऐसे ही कुत्ता भी मरा हुआ पाया गया था। बस स्टैंड के आसपास दुकान चलाने वाले दुकानदारों और यहाँ बस का इंतजार करने वाले यात्रियों ने बताया कि तालाब से उठने वाली तीव्र बदबू के कारण यहाँ 5 मिनट खड़ा होना भी मुश्किल हो गया है। गर्मी के मौसम में यह स्थिति और भी भयावह हो गई है। तालाब का पानी काला और दूषित हो चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब की समय पर सफाई न होने से यहाँ मच्छरों की भरमार हो गई है। इलाके में मलेरिया, डेंगू और त्वचा संबंधी बीमारियों के फैलने का खतरा चौबीस घंटे बना रहता है। इस तालाब का पानी कभी पशुओं के पीने और नहाने के काम आता था, लेकिन आज इसकी स्थिति ऐसी है कि पशु भी इसके पास जाने से कतराते हैं। धुराला के निवासियों नरेन्द्र कुमार, गुरमीत सिंह, संजीव कुमार, बीर सिंह ने इस बारे रोष जताया है।

## मार्केट कमेटी ने अंबाला रोड पर लगवाए वाटर कूलर, चेयरमैन तरणदीप वड़ैच ने किया उद्घाटन

- स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना भाजपा सरकार का एजेंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा


**कुरुक्षेत्र।** जरूरतमंदों को सामान वितरित करते अंकित गुप्ता। *फोटो : हरिभूमि*

राहगीरों को ठंडा पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मार्केट कमेटी की ओर से किसान रेस्ट हाउस के नजदीक अंबाला रोड पर वॉटर कूलर लगवाया गया। मार्केट कमेटी के चेयरमैन तरणदीप सिंह वड़ैच ने वाटर कूलर का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में मानव सेवा को ही परमात्मा की सेवा माना गया है। इसी भावना के चलते मार्केट कमेटी की ओर से कई जगहों पर वॉटर कूलर स्थापित करवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना भाजपा सरकार के एजेंडे में भी शामिल है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में सरकार लगातार पेयजल व्यवस्था, सड़क और कम्युनिकेशन जैसे विषयों पर काम कर रही है।

### जरुरतमंद की सेवा केवल दान नहीं, समाज के प्रति कर्तव्य : अंकित गुप्ता

**कुरूक्षेत्र।** ऑल इंडिया लॉयर्स फोरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने श्री राम कुष्ठ आश्रम में निवास कर रहे लोगों के बीच राशन सामग्री का वितरण किया। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि किसी भी समाज की पहचान उसकी ऊंची इमारतों और आर्थिक प्रगति से नहीं, बल्कि इस बात से होती है कि वह अपने कमजोर और जरूरतमंद लोगों के साथ कितना संवेदनशील व्यवहार करता है। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्ति भी समाज का अभिन्न हिस्सा हैं।



### शिविर में 5418 शिकायतों का हुआ समाधानः मीणा

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि अब तक समाधान शिविर में 8274 शिकायतें प्राप्त हुई, इनमें से 5418 शिकायतों का समाधान कर दिया गया है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की पोर्टल पर डिटेल जानकारी अपडेट करें, ताकि शिकायतें दोबारा ओपन ना हो। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की रिमार्क्स स्पष्ट ना होने के कारण शिकायतों की पेंडिंग में संख्या ज्यादा है। इनको कम करने के लिए जांच रिपोर्ट भरकर विस्तृत जानकारी पोर्टल पर अपडेट करें। उपायुक्त समाधान शिविर, सीएम विंडो, एसएमजीटी,और जनसंवाद की समीक्षा बैठक में अधिकारियों के साथ बोल रहे थे। इससे पहले खादय नागरिक एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ जे गणेशन ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## आर्थिक विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा के संकल्प को पूरा कर रहे प्रधानमंत्री : कैलाश सैनी

- विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना भारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाडवा


**लाडवा।** जनकल्याण शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी। *फोटो : हरिभूमि*

मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से आर्थिक विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा और सांस्कृतिक गौरव को मजबूत करने का संकल्प लिया था जो अब पूरा होता नजर आ रहा है। पिछले 12 वर्षों में इन सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं, जिनका परिणाम आज पूरे देश के सामने है। वर्ष 2014 में भारत विश्व की अर्थव्यवस्थाओं में 11वें स्थान पर था, जबकि आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंचने की ओर अग्रसर है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, मजबूत आर्थिक नीतियों और देशवासियों के सहयोग का परिणाम है। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी शुक्रवार को बाबैन की मार्केट कमेटी के सभागार में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर आयोजित जन कल्याण शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रहे थे। उन्होंने जन कल्याण शिविर का उद्घाटन किया। इसके उपरांत प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी हासिल की। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, चेयरमैन जसविंदर जस्सी, सचिव गुरमीत सैनी, सरपंच संजीव सिंह गोल्डी, गुरविंदर सिंह, बख्तावर सिंह, गुरदेव सिंह, रिंकू शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## जिले के 96168 बच्चों को पोलियो पिलाने के लिए बनाए 682 बूथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र


**कुरुक्षेत्र।** अभियान पर जानकारी देते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाई जाए। पोलियो उन्मूलन में भारत ने ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है और इस उपलब्धि को बनाए रखने के लिए सभी नागरिकों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित नहीं रहना चाहिए। जिला कुरुक्षेत्र में 28 जून 2026 को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत 28 जून को पोलियो बूथों पर तथा 29 व 30 जून को घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिले में लगभग 96,168 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिले में 682 बूथ, 36 ट्रांजिट टीमें, 48 मोबाइल टीमें तथा 112 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से ईंट-भट्टों, झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों एवं प्रवासी आबादी वाले क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों को अभियान के दौरान प्राथमिकता के आधार पर कवर किया जाएगा।

## थानेसर की पांडव गली में स्वच्छता व्यवस्था बदहाल, आमजन परेशान

- गंदगी के कारण गली में राहगीरों को होती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ थानेसर


**थानेसर।** पांडव गली के खस्ता हाल। *फोटो : हरिभूमि*

थानेसर शहर की पांडव गली में नगर परिषद की स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई दिखाई दे रही है। गली में जगह-जगह मिट्टी, मलबे और गंदगी के ढेर कई-कई दिनों से पड़े हैं, जिन्हें उठाने के लिए सफाई कर्मी समय पर नहीं पहुंचते। इससे क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गंदगी के कारण राहगीरों को आने-जाने में कठिनाई होती है। बरसात के दिनों में पानी भरने और कीचड़ बनने से स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। आसपास रहने वाले लोगों को दुर्गंध, मच्छरों और संक्रामक बीमारियों का भी खतरा बना रहता है। सामाजिक कार्यकर्ता संजय शर्मा ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों और सफाई कर्मचारियों को इस समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने नगर परिषद प्रशासन से मांग की कि पांडव गली से तत्काल गंदगी और मलबा हटाकर नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। क्षेत्रवासियों ने भी प्रशासन से मांग की है कि पांडव गली की सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार किया जाए, ताकि लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके तथा 'स्वच्छ भारत मिशन' के उद्देश्य को धरातल पर साकार किया जा सके। मौके पर संजय कुमार शर्मा,रमन वर्मा, मुकेश, दिनेश, सोहन लाल शर्मा आदि रहे।

### पौधरोपण अभियान के साथ मनाया लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का 56वां जन्मदिन



**कुरुक्षेत्र।** नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी का 56वां जन्मदिन जिला कांग्रेस कार्यालय कुरुक्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेवा सिंह के नेतृत्व में पौधारोपण अभियान की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकतार्ओं और पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया तथा सैकड़ों पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया साथ ही लड्डू बांटकर गांधी के दीघार्यु, स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना की गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेवा सिंह ने कहा कि राहुल गांधी देश में सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। उनके जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सके। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकतार्ओं ने कहा कि राहुल गांधी युवाओं, किसानों, मजदूरों और आम जनता की आवाज को मजबूती से उठाते रहे हैं। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकतार्ओं ने पौधारोपण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया।

## 24 को भिवानी में होगा मिड डे मील कार्यकर्ताओं का राज्य स्तरीय प्रदर्शन

- कर्मचारियों को केवल सात हजार रुपये दिया जाता है मानदेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा द्वारा 24 जून को भिवानी के नेहरू पार्क में राज्य स्तरीय विशाल प्रदर्शन एवं रैली का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी यूनियन की जिला संयोजक संतोष देवी ने जारी बयान में दी। उन्होंने कहा कि रसोई गैस, दूध तथा अन्य घरेलू आवश्यक वस्तुओं की लगातार बढ़ती कीमतों के कारण सरकारी स्कूलों में बच्चों के लिए भोजन तैयार करने वाली मिड डे मील कार्यकतार्ओं का जीवनयापन कठिन हो गया है। कार्यकर्ता स्कूल खुलने से लेकर छुट्टी तक अपनी सेवाएं देती हैं, लेकिन उन्हें न तो सरकारी कर्मचारी का दर्जा प्राप्त है और न ही सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम वेतन का लाभ मिल रहा है। यूनियन ने सेवानिवृत्ति पर कम से कम 5 लाख रुपये की सहायता राशि, कार्यकर्ता की मृत्यु होने पर परिवार को 5 लाख रुपये का मुआवजा तथा हटाई गई महासचिव कुसुम पांचाल सहित सभी कार्यकतार्ओं को पुनः ड्यूटी पर लेने की मांग भी उठाई है।

### ग्रीष्मकालिन छुट्टियों का नहीं दिया जाता मानदेय

संतोष देवी ने बताया कि कार्यकतार्ओं को मात्र 7 हजार रुपये मासिक मानदेय दिया जाता है, जो परिवार के भरण-पोषण के लिए पर्याप्त नहीं है। इसके अलावा मानदेय समय पर नहीं मिलता तथा ग्रीष्मकालीन दो माह की छुट्टियों का कोई भुगतान भी नहीं किया जाता। यूनियन ने सरकार से मांग की है कि मिड डे मील कार्यकतार्ओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए, हरियाणा में घोषित न्यूनतम वेतन लागू किया जाए, 10 माह के स्थान पर 12 माह का मानदेय दिया जाए तथा चिकित्सा सुविधा, अवकाश, सेवा निवृत्ति लाभ और अन्य कर्मचारी सुविधाएं प्रदान की जाएं। इसके साथ ही प्रति 25 बच्चों पर दो रसोइयों की नियुक्ति, सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने, ड्रेस भत्ता बढ़ाने, बच्चों के लिए पौष्टिक आहार की व्यवस्था तथा रसोईघरों में सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने की मांग की।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर आयोजित

# योग से मिलती है मानसिक व शारीरिक शांतिः सुरेश

**कार्यक्रम के दौरान सुक्ष्म क्रियाएं, विभिन्न आसन, प्राणायाम व ध्यान का कराया अभ्यास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र


**कुरुक्षेत्र।** योग करते साधक।

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के उपलक्ष्य में ब्रह्म सरोवर स्थित पुरुषोत्तमपुरा बाग में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 60 साधक-साधिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य सहभागिता बीएनआई (बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल) सारथी चैप्टर और भारतीय योग संस्थान के सदस्यों की रही। योगाभ्यास के दौरान सूक्ष्म क्रियाएं, विभिन्न आसन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण भारतीय योग संस्थान के प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार, हरियाणा योग आयोग के वरिष्ठ सदस्य एवं भारतीय योग संस्थान के पूर्व संगठन मंत्री डॉ. मनीष कुकरेजा, पूर्व मंत्री मान सिंह, जिला मंत्री देवीदयाल सैनी तथा योग शिक्षक नंद किशोर द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में बीएनआई परिवार से सरवजीत सिंह, शशांक अरोड़ा, आदित्य रल्हन, अमित अरोड़ा, अंकित चावला, आयांश दुआ, विक्रांत बिंदल, रोज खुराना, अंजु बाला, हरवीर सिंह, राजीव सिंगला और दीपा शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। भारतीय योग संस्थान के वरिष्ठ साधकों में जितेंद्र तलवार, गुलशन गाबा और सूर्या सहित अनेक साधकों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बारना ग्राम के आयुष योग सहायक भीम सिंह से प्रशिक्षित छात्र सरस शर्मा द्वारा प्रस्तुत आर्टिस्टिक योगासन रहा। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर शशांक अरोड़ा, अंकित चावला एवं सुरेश कुमार ने सरस शर्मा और भीम सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में साधकों ने एक-दूसरे पर पुष्प वर्षा की । बीएनआई परिवार के सदस्यों ने नियमित योग साधना करने का संकल्प लिया।

